आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 14.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उच्च स्तरीय समिति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक राष्ट्र–एक चुनाव पर रिपोर्ट सौंपी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्र व राज्य निर्माण में इंजीनियर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कहा– इंजीनियर राज्य की प्रगति का मुख्य स्तंभ है।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले 18 ओटीटी मंचों को ब्लॉक किया।
- प्रदेशभर में लोकपर्व फूलदेई का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है।

एक राष्ट्र–एक चुनाव

एक राष्ट्र–एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को रिपोर्ट सौंपी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में यह उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी। समिति ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन. के. सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट सौंपी। विधि और न्याय मंत्रालय ने कहा कि सभी सुझावों पर सावधानीपूर्वक विचार–विमर्श के बाद इस समिति ने देशभर में सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए दो चरणों वाली प्रक्रिया की सिफारिश की है।

अभिनन्दन समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के कुशल और प्रतिभाशाली इंजीनियर, राष्ट्र व राज्य के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियर हमारे राज्य की प्रगति का मुख्य स्तंभ है। उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखना, तकनीकि संगठनों के साथ ही हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य की किसी भी विकास योजना परियोजना में बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।

कमेटी गठन–निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के तहत आच्छादित के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज देहरादून में राज्य में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित के संबंध में बैठक हुई। बैठक में उत्तराखंड में कार्यरत संविदा व सामान्य श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के तहत आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तार से विमर्श हुआ।

## सूची जारी

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। इस सूची में उत्तराखण्ड की गढ़वाल सीट से अनिल बलूनी और हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा ने उत्तराखण्ड की सभी पांच लोकसभा सीटों से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

## मुफ्त यात्रा

राज्य सरकार के निर्देश पर उत्तराखंड परिवहन निगम ने अपनी सभी श्रेणी की बसों में राज्य आंदोलनकारियों के लिए मुफ्त यात्रा का आदेश जारी कर दिया है। अभी तक परिचालक केवल साधारण बसों में ही राज्य आंदोलनकारियों की यात्रा को अनुमन्य मानते थे, लेकिन अब परिवहन निगम प्रबंधन ने आदेश दिए हैं कि राज्य आंदोलनकारियों को वाल्वो और वातानुकूलित बसों में भी मुफ्त यात्रा कराई जाए। मुफ्त यात्रा प्रदेश के भीतर ही मान्य होगी।

## शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत 5 करोड़ बीस लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सरकार–जनता के द्वार नारे के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म बंद

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म बंद कर दिए हैं। इनमें ड्रीम्स फिल्म्स, हंटर्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, प्राइम प्ले और अनकट अड्डा शामिल हैं। इन मंचों के साथ जुडे 19 वेबसाइटों, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया खातों पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय मीडिया तथा मनोरंजन, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से संबंधित डोमेन विशेषज्ञ और अन्य मंत्रालयों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है।

## फूलदेई

चैत्र का महीना आज से शुरू हो गया है। उत्तराखण्ड में चैत्र माह की शुरूआत लोकपर्व फूलदेई मनाने के साथ की जाती है।

## लोकसभा चुनाव

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदेश में चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए लगातार संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन– 2024 में मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इस अभियान के तहत प्रदेश के पद्मश्री, सामाजिक कार्यकर्ता, अभिनेता, दिव्यांगजन और अन्य गणमान्य लोग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने में लगे हुए हैं। लोकगायक इंदर आर्य ने प्रदेशवासियों से शत–प्रतिशत मतदान की अपील की है।

वहीं, पौड़ी जिले के राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगदेई नैनीडांडा के स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली निकालकर क्षेत्रीय जनता को मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

## हवाई सेवा

दिल्ली से पिथौरागढ़ के लिए आज से हवाई सेवा शुरू हो गई है। एलायंस एयर विमान सेवा का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हवाई सेवा का औपचारिक शुभारम्भ किया। यह विमान एयरपोर्ट टर्मिनल टी–3 से पिथौरागढ व नैनीसैनी एयरपोर्ट के लिए अप्रैल माह से नियमित रूप से चलेगा और इससे पिथौरागढ़ से दिल्ली की यात्रा में मात्र एक घण्टे का समय लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू होने से लंबे समय से चली आ रही जनता की मांग आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सीमांत क्षेत्र का विकास शीर्ष प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

## जागरूकता अभियान

रूद्रप्रयाग जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि के अध्यापक व छात्रों ने मिलकर विशेष अभियान के तहत स्टोन पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने क्षेत्रीय जनता को मताधिकार के लिए जागरूक किया। वहीं, स्वीप कार्यक्रम के तहत चमोली जिले में विशेष मतदाता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज राजकीय महाविद्यालय नारायणबगड़, नंदासैंण, नंदानगर, जोशीमठ, पोखरी, गैरसैंण और बीटेक कॉलेज गोपेश्वर में पहली बार के मतदाताओं का वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से पंजीकरण करवाया गया, साथ ही युवाओं मतदान का महत्व समझाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत नैनीताल जिले में कालाढुंगी से कैंची धाम तक 53 किलोमीटर सड़क को दो लेन में बदला जाएगा।

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने 13 विभागों में रिक्त चल रहे पी.सी.एस के 1 सौ 89 पदों पर भर्ती के लिए एक विज्ञप्ति जारी की है। इन पदों के लिए उम्मीदवार 14 मार्च 2024 से आवेदन कर सकते हैं।

पिथौरागढ़ के तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी हरियाणा के पंचकूला में 29 मार्च से होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।